लोक सभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे

...

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री; विधान सभा अध्यक्ष, और विपक्ष के नेता सभा को संबोधित करेंगे

...

दिल्ली, 19 मई, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 20 मई, 2022 को लखनऊ के विधान भवन में उत्तर प्रदेश विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ; उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना; उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना और विपक्ष के नेता श्री अखिलेश यादव सभा को संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।